हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 अंचल का तापमान पहुंचा 41 डिग्री, दोपहर बाद...



12 छात्रों ने समझा पृथ्वी दिवस का महत्व...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# श्रीराम-जानकी मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा, शेड निर्माण के लिए 20 लाख की घोषणा

हरि भूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर



ग्राम बलरामपुर (बिड़ोरा) में नवनिर्मित भव्य श्रीराम-जानकी मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ। चार दिवसीय संगीतमय मानसगान एवं व्याख्या कार्यक्रम समापन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ पुरोहितों द्वारा भगवान श्रीराम और माता जानकी की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर रामचरितमानस का संगीतमय पाठ एवं व्याख्यान हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और उनके गुणों का रसपान किया। 20 अप्रैल को हुए समापन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि के रूप में नंदनी कोमल ढीढी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने की। इस अवसर पर पुर्व प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज भुनेश्वर साहू, जिला भाजपा मंत्री किसान मोर्चा रामाधार साहू, जनपद सभापति दिलीप साहू, अध्यक्ष जिला निषाद समाज मोती निषाद, सरपंच सरकड़ा अमिता मनोज यदु, सरपंच बोरिद हूमन राजकुमार सिन्हा, अध्यक्ष ग्राम समीति धीरज शर्मा, लेखराम साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे। मंच संचालन डोमन भारती ने किया।

विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने रामायण की चौपाइयों और दोहों के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण आदर्शों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस गुणों का भंडार है, जो मनुष्य को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

### विधायक की पहल पर होगा काम

कार्यक्रम में ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति की मांग पर विजय कंडरा ने मंदिर परिसर में टीना शेड निर्माण के लिए 20 लाख की राशि दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विधायक रोहित साहू के माध्यम से इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हाइवा से टकराकर ट्रक क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बल्दीडीह सांकरा के पास एक हाईवा से टकराकर ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में ट्रक ड्राइवर को भी चोट आई। पुलिस ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 4225 का ड्रायवर संजय अग्रवाल पिता विमल अग्रवाल 20 अप्रैल को कोयला लोडकर रायगढ से रायपुर जाने के लिए निकला था। 21 अप्रैल को रात 02:30 बजे एनएच 53 रोड में ग्राम बल्दीडीह सांकरा के पास हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनयू 2465 के चालक ने अपने वाहन को एनएच 53 रोड में बिना संकेतिक चिन्ह के खड़ा कर दिया था, जिसके पीछे से ट्रक टकरा गया। घटना ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है और ड्राइवर के पैर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 285 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मवेशियों का क्रूरतापूर्वक परिवहन कर रहे लोगों पर बागबाहरा पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति कुछ मवेशियों को ओडिशा कत्लखाना ले जाने हेतु क्रूरतापूर्वक बिना चारा पानी व्यवस्था किए सुखरीडबरी की ओर से आ रहे हैं। ग्राम सुखरीडबरी के पास दो व्यक्ति भैसों को हांकते हुए आ रहे थे। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम लक्ष्मीलाल मनहरे पिता सुकलाल मनहरे (60 साल) अनवरपुर थाना बागबाहरा जिला महासमुंद एवं मोहन निषाद पिता सोनसाय निषाद (45 साल) कोमा थाना खल्लारी का निवासी होना बताए, उनके कब्जे से पांच नग देशी भैंस कीमत 75 हजार रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6, 10 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम धारा 1907 की धारा 11 एवं बीएनएस की धारा 112 के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब बरामद एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने बैतारी चौक के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया। पुलिस ने आरोपी गजपति गार्डिया पिता नारद गार्डिया (70 साल) निवासी ग्राम भोथलडीह थाना सरायपाली जिला महासमुंद के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### वायरल स्क्रीनशॉट से मामला गरमाया, शिक्षकों में आक्रोश

# 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के नाम पर वसूली के आरोपों से घिरा शिक्षा विभाग

हरि भूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा अवैध वसूली का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद अब शिक्षक खुलकर विरोध में सामने आ गए हैं। 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा के दस्तावेज तैयार करने के नाम पर कथित रूप से 150 से 300 रुपए तक की राशि वसूले जाने के आरोपों ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि विकासखंड स्तर पर मौखिक आदेश के जरिए स्कूलों से राशि जमा कराने का दबाव बनाया गया। हालांकि, इस संबंध में किसी भी प्रकार का लिखित आदेश जारी नहीं हुआ है। इसके बावजूद शिक्षकों पर डिजिटल खर्च और अन्य मदों के नाम पर पैसे जमा करने का दबाव बनाए जाने की बात सामने आई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे स्क्रीनशॉट्स में इस तरह की वसूली के निर्देशों का उल्लेख सामने आया है, जिससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। शिक्षकों का कहना है कि बिना किसी आधिकारिक आदेश के इस प्रकार की वसूली पूरी तरह अनुचित और अनैतिक है। खबर के प्रकाशन के बाद शिक्षक संगठनों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर भी विरोध तेज हो गया है। कई शिक्षकों ने इसे अनैतिक दबाव बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि छोटे बच्चों के रिजल्ट और दस्तावेज तैयार करने के एवज में पैसा मांगना शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है।



आरोप : प्रत्येक विद्यालय से 150 से 300 रुपए तक की राशि वसूली जा रही

5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा के दस्तावेज बनाने के नाम पर वसूली का आरोप, शिक्षकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा


विकासखण्ड फिंगेश्वर में केंद्रीयकृत कक्षा पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा के फर्द (दस्तावेज) बनाने के नाम पर कथित रूप से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संकुल समन्वयकों के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय से 150 से 300 रुपये तक की राशि वसूली जा रही है। जबकि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा व्यय के लिए पहले ही लाखों रुपये का बजट उपलब्ध कराया जाता है। इसके बावजूद इस प्रकार की वसूली से शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन में आक्रोश व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि संबंधित विद्यालयों द्वारा छात्रों के फर्द की तीन-तीन प्रतियां नियमानुसार पहले ही जमा कर दी गई है। इसके बावजूद पुनः राशि की मांग को शिक्षक अनावश्यक और नियमों के विरुद्ध बता रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जब सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए जा चुके हैं, तो अतिरिक्त शुल्क लेने का कोई औचित्य नहीं बनता। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के लिए पर्याप्त बजट दिया जाता है। ऐसे में फर्द तैयार करने जैसे कार्य के लिए अलग से राशि वसूलना कई सवाल खड़े करता है। सूत्रों के अनुसार, इस प्रकार की वसूली से विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। इस मामले में कई शिक्षकों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि वे दबाव में राशि देने को मजबूर हैं, क्योंकि परीक्षा संबंधी कार्य प्रभावित होने का डर बना रहता है। स्थानीय शिक्षा जगत एवं अभिभावकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि वसूली की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे।अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और उच्च शिक्षा अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं।



जांच कराएंगे

इस संबंध में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने इस मामले की जांच करने की बात कही और कहा कि कोई शिकायत पत्र होगा तो भेज दीजिए। गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने बताया कि इस संबंध में हमने कोई आदेश जारी नहीं किया है यह मामला तीन-चार दिन पहले का है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू ने बताया कि इसमें कोई दबाव नहीं है। स्वेच्छा से शिक्षक चाहते है कि मैं एक ही में बना दूं तो बढ़िया सब बन जाएगा। उसमें कांट-छांट की संभावना है इसलिए सीधे नंबर भर दिए और प्रिंट आउट दे दिए।



### डीईओ की चुप्पी पर उठे सवाल

पूरा मामला अब जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद की ओर रुख कर चुका है, लेकिन अब तक इस पर कोई स्पष्ट बयान या कार्रवाई सामने नहीं आई है। डीईओ की खामोशी को लेकर शिक्षकों और आम लोगों के बीच संदेह गहराता जा रहा है।

### पहले भी उठ चुके हैं ऐसे मामले

जिले में पहले भी मौखिक आदेशों के आधार पर अनैतिक कार्यों की चर्चाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में यह मामला शिक्षा विभाग की पारदर्शिता और जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

**प्रशासन के लिए परीक्षा की घड़ी**

शिक्षकों और जागरूक नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस संवेदनशील मुद्दे पर क्या रुख अपनाता है और क्या दोषियों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

### उगाही से मेरा कोई लेना देना नहीं

अवैध उगाही के संबंध में मेरा कोई लेना देना नहीं है और न मेरे द्वारा कोई मौखिक आदेश दिया गया था। मेरे पास हजारों काम है ऐसे सब में ध्यान नहीं देता।

**जगजीत धीर, जिला शिक्षा अधिकारी**

# घटारानी के जंगल में युवक पर भालू ने किया हमला



- खड़मा उप स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज, हाल-चाल जानने सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे अस्पताल

हरि भूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव कोरासी

छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के प्रसिद्ध कलाकार एवं ग्राम लोहासी (पांडुका) निवासी राजकुमार यादव पर सुरंगपानी-घटारानी जंगल क्षेत्र में अचानक भालू ने हमला कर दिया। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उप स्वास्थ्य केंद्र खड़मा में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय प्रवास पर रहे युवा भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू उप स्वास्थ्य केंद्र खड़मा पहुंचे। उन्होंने घायल कलाकार से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा चिकित्सकों से उपचार की विस्तृत जानकारी ली। रूपसिंग साहू ने कहा कि राजकुमार यादव जैसे लोक कलाकार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, ऐसे कलाकारों का संरक्षण समाज की जिम्मेदारी है।

### वन क्षेत्र में बढ़ रही घटनाएं

गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण जंगली जानवर आबादी क्षेत्रों की ओर रुख करते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। घटारानी क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण यहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने, चेतावनी बोर्ड लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। घटना पर लोक कलाकार संघ ने आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस दौरान डॉ. महावीर प्रसाद बरगाह, बीएमओ डॉ. कीर्तन साहू, सरपंच हेमलाल नेताम सहित भानु साहू, नारायण साहू, मोनू साहू, नानकराम साहू, देवनारायण साहू एवं स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

उन्होंने वन विभाग से चर्चा कर जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों पर चिंता जताई और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की आवश्यकता बताई। जानकारी के अनुसार, राजकुमार यादव किसी निजी कार्य से सुरंगपानी-घटारानी जंगल क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक सामने आए भालू ने उन पर हमला कर दिया। ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मालवाहकों में ढोए जा रहे यात्री

- बारात का चल रहा दौर, दुर्घटना का अंदेशा, जा सकती है जान

हरि भूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



इन दिनों बारात में यात्री ढोने के लिए मालवाहक वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, इनके दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा है जिससे सवारियों की जान भी जा सकती है जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस ओर से आंखे मूंदे हुए हैं, जिससे वाहन चालक बेखौफ यात्री ढो रहे हैं शादी सीजन का दौर प्रारंभ हो गया है। लोग मालवाहक वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जिसमें यात्री ठूस–ठूंस कर भरे होते हैं। ज्यादारत समय यात्र रात के समय होती है। लोग कई अवसरों पर दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं। यातायात नियमों को ताक में रखकर शहर व क्षेत्र में बेखौफ होकर मालवाहक वाहनों का उपयोग लगातार सवारी ढोने के लिए किया जा रहा है।

यह केवल एक बार की बात नहीं है, बल्कि रोजाना शहर व ग्रामीण अंचलों में ऐसे वाहन नजर आते हैं, जिनमें लोगों को ठूस–ठूस कर भरा जाता है और बेखौफ सड़कों पर दौड़ाया जाता है। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि कैसे महिलाएं मालवाहक वाहन के पीछे खड़ी होकर वाहन के कोनों और एक दूसरे को पकड़कर सफर करने पर मजबूर हैं। गौर करने वाली बात यह है कि ऐसे वाहन केवल ग्रामीण इलाकों में नहीं बल्कि शहर के मुख्य मार्गों में भी बेधड़क चलते नजर आते हैं। इस तरह के तरह के वाहन जल्द ही असंतुलित हो जाते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने का खतरा बना रहता है पूर्व में भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है, जिनमें कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

# फर्जी पुलिस अधिकारी बन शिक्षिका से 14.60 लाख की ठगी

- ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताकर पीड़िता से संपर्क किया

हरि भूमि न्यूज ▶▶| रसेला





क्षेत्र में साइबर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक शिक्षिका को फर्जी दिल्ली पुलिस अधिकारी बनकर ठगों ने 14 लाख 60 हजार की ठगी का शिकार बना लिया। यह घटना न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे समाज में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता की कमी को उजागर करती है, खासकर शिक्षित वर्ग के बीच। मामले के अनुसार ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस का का अधिकारी बताकर पीड़िता से संपर्क किया। उन्होंने शिक्षिका को बताया कि उनका आधार कार्ड अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है और इसके कारण उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इस डर फायदा और मानसिक दबाव का उठाते हुए, ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी साबित करने के लिए फर्जी दस्तावेज भी दिखाए। ठगों ने लगातार महिला पर दबाव डालते हुए पहले 7 लाख रुपए की राशि ट्रांसफर करवाई और फिर कुछ दिनों बाद 7.5 लाख रुपए की रकम भेजने के लिए मजबूर किया। ▶▶| शेष पेज 10 पर

# तलवार लेकर धमकाने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में

हरि भूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



तलवार लेकर राहगीरों को धमकाने वाले युवक को ग्राम बोरिद चौक के पास फिंगेश्वर पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी युवक के पास से लोह का तलवार घटना स्थल पर ही जब्त किया गया। आरोपी युवक ग्राम बोरिद के रहने वाला है जिसका नाम गुरुचण सिन्हा है। वह तलवार लेकर रास्ते मे आने जाने वालों को तलवार दिखाते हुए धमका रहा था। पुलिस को खबर लगते ही थाना प्रभारी चिंताराम देशमुख स्टाप के साथ घटना स्थल पहुंचकर आरोपी को पकड़ा और उनके हाथ से तलवार छीनकर जप्त किया। ज्ञात हो कि सूखा नदी चौक के पास पूर्व मे भी इसी प्रकार एक युवक ने हथियार लेकर धमकाया था उसे भी फिंगेश्वर पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की थी।

बता दें कि फिंगेश्वर के सरहद मे सूखा नदी के शराब भट्टी होने के कारण आसामाजिक लोगों का जमावाड़ा लगा रहता है, जिसके चलते दादागिरी से लेकर हथियार निकालने की घटना आम बात हो रही है।इसी नदी चौक मे पूर्व मे हत्या की वारदात भी हो चुकी है। वहीं पर अनगिनत एक्सीडेंट भी हुए है जिसमे लोगो की मौत भी हो चुकी है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### गर्मी में औषधीय गुणों से है भरपूर

# डूमर फलों से लदा पेड़, भालुओं के हमले का खतरा

हरि भूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





इन दिनों मैनपुर वनांचल क्षेत्र में डुमर का फल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के ग्रामों में डुमर के वृक्ष पाये जाते हैं और गर्मी में डुमर का पेड़ फलों से लदा हुआ है।

औषधिय गुणों से भरपुर इस फल को ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी शौक से खाते हैं, लेकिन यह डुमर का फल मधुमक्खियों और भालू तथा बंदरों का प्रिय व्यंजन बताया जाता है। गर्मी के दिनों में रात के समय डुमर वृक्ष के नीचे वन्यप्राणी भालू को मंडराते आसानी से देखा जा सकता है। गरियाबंद जिले के क्षेत्र के जंगल में अनगिनत वनस्पतियों को खजाना है, जिनमें कई बेहतरीन औषधीय गुण छिपे होते हैं। इन्हीं से एक डुमर के पेड़ पर लगने वाला फल है।

डुमर के फल, पत्ते, छाल और जड़ों को औषधियों को खजाना माना जाता है। करोना संकट के समय भी लोग इसके तने, पत्ते और फल का जमकर सेवन किए थे। इसके फल, पत्ते और छालों में संक्रमण से लड़ने की काफी ताकत होती है। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में इन दिनो गर्मी छुट्टी लगते ही बच्चो को डुमर वृक्षों के नीचे आसानी से देखा जा सकता है और इसके फल को चाव के साथ सेवन कर रहे है और डुमर का वृक्ष फलो से लदा हुआ है जो काफी आकर्शित कर रहा है।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

## खबर संक्षेप

### जमीन का सीमांकन कराने जनदर्शन में सौंपा आवेदन

**कोमाखान।** नगर के वार्ड 6 निवासी मानसिंह पिता लतेल चौहान ने कलेक्टर के जनदर्शन में एक आवेदन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके पिता के निधन के बाद उनकी लगानी जमीन उनके भाई-बहनों के नाम में है। मानसिंह ने बताया कि इस जमीन का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसील कोमाखान में वर्ष 2024 में आदेवन देकर करवाया था। कुल 35 डिसमिल लगानी जमीन को पटवारी द्वारा आधी जमीन बताया गया है। आवेदन में उन्होंने शंका जाहिर की है कि पटवारी द्वारा आर्थिक लाभ लेकर दूसरे पक्ष के अधीन आधी जमीन त्रृटिपूर्ण सीमांकन से करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए किसी अन्य पटवारी से उनकी जमीन का सीमांकन करवाने की मांग की है।

# जिपं की सामान्य सभा, अनुमति बिना 56 एकड़ भूमि उद्योग को देने के प्रस्ताव का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में मंगलवार को कई अहम एजेंडों एवं मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बैठक में आरंग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रसनी की 56 एकड़ जमीन को बिना पंचायत की सहमति के उद्योग उपयोग के लिए आबंटित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया गया।

वहीं अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में चना बीज वितरण में अनियमितता कर लाखों रुपए का घोटाला करने वाले दोषी अफसरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी। इसके लिए कृषि विभाग के जिला अधिकारी सतीष अवस्थी को जिला पंचायत सीईओ एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने एफआईआर दर्ज करने के लिए शासन को जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं। सामान्य सभा की बैठक में सदस्य वतन चंद्राकर ने ग्राम पंचायत रसनी की 56 एकड़ शासकीय जमीन जो खेल मैदान, धान खरीदी केंद्र, चारागान, वृक्षारोपण, ग्रामवासियों के लिए आबादी जमीन का आरक्षण सहित अन्य के लिए आरक्षित रखी गई है, उस जमीन को बिना ग्राम पंचायत की सहमति के ही उद्योग कार्य के लिए आबंटन करने का फैसला जिला पंचायत ने ले लिया है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि इस जमीन को उद्योग कार्य के लिए आबंटन करना है या नहीं, इसके लिए ग्राम पंचायत से अभिमत मांगा गया था।

**चना बीज घोटाला के दोषी अफसरों पर होगा केस दर्ज**



### चना बीज घोटाला में अब दोषी अफसरों पर होगी एफआईआर

बैठक में अभनपुर क्षेत्र में हुए चना बीज वितरण घोटाला का मामला भी उठा। उपाध्यक्ष संदीप यदु ने यह मामला उठाते हुए नाराजगी जताई कि जब जांच में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश साहू एवं विनय कुमार सिंह को भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया है, तो उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की जा रही है। इस पर कृषि विभाग के अधिकारी ने दोषी अधिकारियों का बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत के सीईओ और अध्यक्ष ने अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जल्द ही शासन को इस मामले में एफआईआर दर्ज होना चाहिए का प्रस्ताव भेजें, ताकि स्वीकृति मिलने पर दोनों भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई हो सके।

# प्रेमचंद को मिला जिला स्तरीय संस्कार शिक्षक सम्मान

**बसना।** विद्यालय में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट सहभागिता एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के शिक्षक प्रेमचंद साव को संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा द्वारा विज्ञान क्षेत्र एवं साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला स्तरीय संस्कार शिक्षक सम्मान 2026 से जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के परिणामस्वरूप प्रदान किया गया है। शिक्षक प्रेमचंद साव ने विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम,विज्ञान प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित किया है। शिक्षक विज्ञान विषय को रुचिकर बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों, क्रियाक्लापों, प्रायोगिक कार्यों, विज्ञान के पिटारा, मासिक वॉल मैगजीन बाल दर्पण के नियमित प्रकाशन आदि कार्यों के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, पिथौरा जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे, जिला क्रीड़ा अधिकारी, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के राज्य सचिव डॉ.वायके सोना, सक्रिय सदस्य अजय कुमार भोई, रोबोटिक्स के जानकार सचिन प्रधान, पिथौरा के विकासखण्ड स्त्रोत केंद्र समन्वयक नरेश पटेल आदि उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल संबंधित शिक्षक के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संचालक सीमा चंद्राकर ने बताया कि ऐसे सम्मान शिक्षकों को और अधिक प्रेरित करते हैं, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें।



## जिले में जनगणना प्रकोष्ठ का गठन

**महासमुंद।** छग शासन गृह विभाग के निर्देशों के परिपालन में भारत की डिजिटल जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। इसके तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। उक्त निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में जनगणना प्रकोष्ठ का गठन किया जाना है। इसी क्रम में जिला महासमुंद में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जनगणना कार्य के प्रभावी संचालन, निगरानी एवं संपादन के लिए जिला स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जनगणना प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह होंगे। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, डिप्टी कलेक्टर (जिला जनगणना अधिकारी) मनोज कुमार खांडे तथा उप संचालक सांख्यिकी (अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी) मधु साहू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी तरह समाज कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, कृषि, परिवहन, श्रम, आबकारी, उद्योग, जनसंपर्क विभाग, आदिम जाति विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रकोष्ठ में सदस्य बनाया गया है।

# छग टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव का किया गया सम्मान

**महामसुंद।** छग टीचर्स ऐसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव व व्याख्याता शाउमावि बेलसोंडा शोभा सिंह देव को शिक्षकीय जीवन की सफल अधिवार्षिकी पूर्ण करने तथा शिक्षाकर्मी संघर्ष में नेतृत्व के लिए शाउमाशा खम्हरिया स्टाफ ने फल मोमेंटो और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

संस्था के प्राचार्य और छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि आप लोगों ने अपना अमूल्य समय देकर हमारे संस्था की अभिनव कल्पना को मूर्त रूप प्रदान कर कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। शिक्षाकर्मी संघ को महासमुंद में नीव रखने, एक कठोर संगठनात्मक नेतृत्व, एक अनुशासित प्रशासक तथा एक कुशल अंग्रेजी के अध्यापक, प्रथम जिलाध्यक्ष वर्तमान प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव के व्यक्तित्व को शब्दों में पिरों पाना संभव नही है। वे एक श्रेष्ठ कर्मयोगी हैं, उनका शिक्षकीय और



संघीय जीवन चिर काल तक स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोभा सिंह देव ने कहा कि खम्हरिया स्टॉफ मेरे लिए मेरा परिवार जैसा है। आप लोगों ने मुझे आमंत्रित कर मेरा सम्मान किया यह पल में जीवन भर नहीं भूल पाऊंगी। एकजुट संघर्ष कर हम संविलियन तक जरूर पहुंचे, लेकिन 2028 तक अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृति हो रहे है। विशिष्ट अतिथि के आसंदी से बोलते हुए नंदकुमार साहू ने भी अपने विचार रखें। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता रंजना ध्रुव ने शोभा दीदी के शिक्षकीय कार्यकाल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नारायण चौधरी, रंजना ध्रुव, अंजू नामदेव, सृष्टि साहू, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता राजकमल, मोनिका साहू, जीवनलाल सिन्हा, रानी गिरी गोस्वामी, वंदना वर्मा, रोहित ठाकुर, खेमलता पटेल,गीता दीवान, दामिनी देवांगन, राजेश साहू, श्रद्धा डागा, मोहित यादव, नरेश कमार, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन दीप्ति शर्मा व्यख्याता एवं रोहित ठाकुर ने किया।




# हर घर जल योजना से देवलभांठा में पानी की समस्या का हुआ स्थायी समाधान

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड सरायपाली से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत देवलभांठा में हर घर जल योजना के सफल क्रियान्वयन से ग्रामीणां को जल संकट से मुक्ति मिली है। ग्रामीण जन बताते है कि इससे पहले पानी के लिए हैंडपंप और सीमित जल स्रोतों पर निर्भर रहते थे और आज हर घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस योजना के तहत ग्राम के कुल 301 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए, जिससे अब प्रत्येक परिवार को घर बैठे स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिल रहा है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के चलते ग्राम देवलभांठा को 10 दिसम्बर 2025 को हर घर जल प्रमाणित घोषित किया गया। पूर्व में गांव में 4 हैंडपंप और 1 पावर पंप की व्यवस्था थी, लेकिन बढ़ती आबादी और जल की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं था। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए हर घर जल योजना के अंतर्गत लगभग 79.68 लाख रुपए की लागत से एक सुदृढ़ पानी टंकी का निर्माण किया गया। साथ ही करीब 2960 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर पूरे गांव में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस सफलता के पीछे ग्राम की सरपंच त्रिपुरा बिशी का विशेष योगदान रहा। उनके नेतृत्व में ग्रामीणों को जागरूक किया गया और योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। साथ ही गांव में विलेज वाटर एंड सेनिटेशन कमिटी का गठन किया गया, जिससे जल का संचालन और संधारण किया जा रहा है। ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा जल कर (यूजर चार्ज) देने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे योजना की दीर्घकालिक स्थिरता बनी रहे। योजना से लाभान्वित हितग्राही सत्यभामा बताती हैं कि पहले उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होती थी। अब घर में ही नल से पानी मिलने से उनका जीवन काफी आसान हो गया है और दैनिक दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव आया है।

# जोगीडीपा स्कूल में हुआ संकुल स्तरीय विदाई एवं शिक्षक सम्मान समारोह

**महासमुंद।** संकुल केंद्र पटेवा के सेवानिवृत शिक्षकों का संकुल स्तरीय विदाई एवं शिक्षक सम्मान कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला जोगीडीपा में आयोजित किया गया। जिसमें संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत हो रहे शिक्षकद्वय नंदकुमार निर्मलकर एवं बिहेंद्र कुमार साहू द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दोनों शिक्षकों का पुष्पहार, बुके और गुलाल से स्वागत किया गया।

नंद कुमार निर्मलकर के शैक्षिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए समन्वयक राजू देवांगन द्वारा बताया गया कि निर्मलकर बहुत ही मिलनसार, हंसमुख और बच्चों के काफी प्रिय है, वह स्टाफ में भी अच्छा नेतृत्व करते थे। इसी प्रकार शिक्षक ओमप्रकाश साहू, मुरारी ध्रुव, मीरा सिंह एवं भगवती गायकवाड़ द्वारा भी उनके शैक्षणिक कुशलता और विनोदप्रियता को सराहा गया। शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने बिहेंद्र कुमार साहू के शैक्षिक सफर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने साहू को बहुत ही शांत स्वभाव, समय के पाबंद और शिक्षा जगत के जानकार बताए। शिक्षक अरुण साहू ने उन्हें काफी अनुभवी और अपने कार्य के प्रति गंभीर व्यक्ति बताया। नंदकुमार निर्मलकर एवं बिहेंद्र साहू ने अपने शैक्षिक जीवन के खट्टे-मीठे अनुभव साझा किए। अपने शैक्षिक जीवन के उतार-चढ़ाव और अपने पारिवारिक जीवन के कुछ खास पलों को सभी के साथ साझा किया। इसी तारतम्य में संकुल के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर को ज्ञानदीप पुरस्कार प्राप्ति तथा प्राथमिक शाला जोगीडीपा के शिक्षिका मीरा सिंह को राज्य स्तरीय एफएलएन वॉरियर पुरस्कार प्राप्ति पर पुष्पहार बुके एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र पटेवा की ओर से नंदकुमार निर्मलकर एवं बिहेंद्र कुमार साहू को संकुल परिवार के तरफ से शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई।

## सस्ती जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पशु औषधि विक्रय केंद्र होंगे स्थापित

**महासमुंद।** केंद्र सरकार द्वारा पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सहकारिता मंत्रालय के औषधि विभाग (डीओपी) और भारत के औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो के सहयोग से प्रदेश में पशु औषधि विक्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उपसंचालक पशु चिकित्सक सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने बताया कि पशु औषधि विक्रय केंद्र के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए ऑपरेशनल गाइडलाइन के लिए पशु औषधि कम्पोनेंट ऑफ लाइवस्टॉक हेल्थ एंड डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम भारत शासन के विभागीय वेबसाइट http://dahd.gov.in के मुख्य मेनू में पशु औषधि अंतर्गत प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र एवं सहकारी समितियां, पशु औषधि विक्रय केंद्र स्थापित करने के लिए पात्र होंगे। इच्छुक आवेदकों को केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन करना होगा। भारत सरकार की विभागीय वेबसाइट पर प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक शैक्षणिक वीडियो भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं।

# किसानों को खाद से वंचित करने पीओएस मशीन की अनिवार्यता का षड्यंत्रः आलोक

### महासमुंद जिले में 1 लाख एमटी खाद की पड़ती है आवश्यकता, भंडारण मात्र 32 हजार एमटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने उर्वरक (खाद) वितरण के लिए फार्मर आईडी की अनिवार्यता तथा पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन की बाध्यता को किसान विरोधी षड्यंत्र करार दिया है। चंद्राकर ने इसे अव्यवहारिक और समस्याग्रस्त बताते हुए कहा कि इस नियम से खाद वितरण के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन में कई चुनौतियां सामने आएगी। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्टिविटी खराब है, जिसके कारण पीओएस मशीन से आधार प्रमाणीकरण में दिक्कतें आएगी। कई बार सर्वर डाउन रहने के कारण खाद मिलने में देरी होगी। और किसानों को सहकारी समितियों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। उम्रदराज किसानों के अंगूठे के निशान (फिंगरप्रिंट) मशीन द्वारा न पहचाने जाने के कारण उन्हें खाद वितरण में परेशानी होगी। किसानों का आधार सही ढंग से लिंक न होने पर भी उन्हें खाद नहीं मिल पाएगा। पीओएस मशीन में एंट्री के दौरान गलत जानकारी दर्ज होने से भी किसानों को खाद से वंचित होना पड़ेगा। इन समस्याओं के कारण किसानों को मजबूरन अधिक दर पर खाद खरीदने की विवशता होगी। चंद्राकर ने कहा कि जिले के 1 लाख 65 हजार किसानों सहित प्रदेश के विभिन्न सरकारी समितियों में कुल 40 लाख 89 हजार 908 किसान पंजीकृत हैं। फार्मर आईडी बनाने के लिए एग्री स्टेक परियोजना में अब तक मात्र 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का सत्यापन हुआ है। इस प्रकार से लगभग 21 प्रतिशत किसान पंजीयन से वंचित हैं। सरकार छत्तीसगढ़ के इन 9 लाख 21 हजार 353 किसानों को खाद नहीं देना चाहती है। इस अनिवार्यता से रेगहा, अधिया पर जमीन लेकर खेती करने वाले किसान खाद से वंचित हो जाएंगे। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां भेदभावपूर्ण है।



## महतारी वंदन योजना में केवाईसी के नाम पर वसूली भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल

**बसना।** महतारी वंदन योजना, जिसे महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए शुरू किया गया, अब कई जगहों पर वसूली का जरिया बनती नजर आ रही है। गांव-गांव में केवाईसी के नाम पर महिलाओं से 50-50 रुपए तक वसूले जा रहे हैं, जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। जिला पंचायत सदस्य मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि यह सीधे-सीधे गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के साथ अन्याय है। जब सीएससी ऑपरेटरों को सरकार की ओर से पहले ही कमीशन दिया जा रहा है, तो फिर हितग्राहियों से पैसे लेना किस नियम के तहत हो रहा है? उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि एक तरफ सरकार बड़े-बड़े दावे करती है कि महिलाओं को सम्मान और सुविधाएं दी जा रही हैं।

# आवासीय खेल अकादमी रायपुर में प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 28 से

**महासमुंद।** रायपुर में संचालित विभागीय आवासीय खेल अकादमी तीरंदाजी (बालक/बालिका), फुटबॉल (बालिका) एवं वेटलिफ्टिंग (बालक/बालिका) चयन ट्रायल का आयोजन 28 एवं 29 अप्रैल 2026 को तथा हॉकी (बालक/बालिका) एवं एथलेटिक्स (बालक/बालिका) का चयन ट्रायल का आयोजन 30 अप्रैल से 01 मई 2026 तक समय प्रातः 07 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार किया जा रहा है। इस चयन ट्रायल में राज्य के बालक/बालिका खिलाड़ी एवं अन्य राज्यों के 13-17 आयु वर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित हो सकते है। जिसमें प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में तथा द्वितीय दिवस खेल कौशल परीक्षण तीरंदाजी खेल चयन ट्रायल हेतु तीरंदाजी एरिना बालिका खेल छात्रावास के सामने मैदान रायपुर में, हॉकी खेल चयन ट्रायल हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पिच-02 बालक खेल छात्रावास के सामने रायपुर में तथा फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं वेटलिफ्टिंग खेल के लिए स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, रायपुर में किया जाएगा। चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। आवासीय खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल का आयोजन निर्धारित तिथि और स्थल पर किया जाएगा। ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण के जिला कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

## पेज 09 के शेष

### घटारानी के जंगल...

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और भालू को भगाया। इसके बाद घायल अवस्था में उन्हें तुरंत उप स्वास्थ्य केंद्र खड़मा पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार उनके हाथ, पीठ और जांघों पर गहरे घाव हैं, हालांकि उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### मालवाहकों में ...

अचानक ब्रेक लगाने से वाहन का संतुलन बिगड़ने और किसी अन्य वाहन से टक्कर की स्थिति में भारी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता है बड़ा सवाल यह है कि ऐसी वाहनें खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही है तो आखिर यातायात पुलिस की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ रही है।

### फर्जी पुलिस अधिकारी...

ठगी की रकम विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी, इनमें से लगभग 70 हजार रुपए कोटा (राजस्थान) स्थित एक खाते में भेजे गए, जबकि रायपुर स्थित एक अन्य खाते में लगभग 7.5 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए।

पिछली ठगी का खुलासा

यह पहला मामला नहीं है जब शिक्षिका ठगी का शिकार हुई हैं। एक साल पहले भी उन्होंने इसी तरह की साइबर ठगी का सामना किया था, जिसमें उन्होंने लगभग 30-35 हजार रुपए खो दिए थे। उस समय उन्होंने पुलिस को सूचना नहीं दी थी, जिसके कारण ठगों को उनके बारे में फिर से जानकारी मिल गई और उन्होंने उन्हें फिर से निशाना बनाया। इस मामले से यह स्पष्ट होता है कि साइबर ठगी में पीड़ित की चुप्पी अपराधियों के हौसले को और बढ़ाती है।

पुलिस की तत्परता से बची कुछ राशि

घटना के खुलासे के बाद पुलिस की सक्रियता से लगभग 4 लाख से अधिक राशि को होल्ड करवा लिया गया, जिससे पीड़िता को आंशिक राहत मिली है। हालांकि, पुलिस की जांच अभी भी जारी है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। एसडीओपी गरियाबंद गरिमा दादर ने बताया कि मामले की जांच जारी है और तकनीकी माध्यमों से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है ।

समाज के लिए एक सबक

इस घटना से यह सीखने को मिलता है कि केबल पढ़ा-लिखा होना साइबर अपराधों से बचाव की गारंटी नहीं है। जागरूकता और सतर्कता के साथ-साथ समय पर पुलिस से संपर्क करना बेहद जरूरी है। पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर जागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन अगर पीड़ित समय पर रिपोर्ट नहीं करते हैं तो ऐसे अपराधों पर काबू पाना कठिन हो जाता है।

### सड़क में तलवार से ...

नागरिको एवं दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि इस स्थल पर नियमित रूप से पुलिस बल की ड्यूटि लगाई जाय जिसके चलते अपराध मे संलिप्त लोगों के मन में पुलिस का भय हो।

# नपाध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 07 में रंगमंच निर्माण, वार्ड 04 में बड़ी नाली निर्माण एवं वार्ड 18 व 20 में आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया।

वार्ड क्रमांक 04 क्षेत्र में बनाई जा रही सीसी नाली में तीन वार्डों के घरों से निकलकर गंदा पानी बहता है। यह नाली अत्यंत छोटी होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल जाता था। जिससे इस मार्ग पर चलने वालों को काफी परेशानी होती थी। नपाध्यक्ष ने नागरिकों की इस परेशानी को समझते हुए बड़ी नाली निर्माण का प्रस्ताव रखा था। यह नाली न केवल गंदे पानी का समुचित बहाव सुगम बनाएगी, बल्कि एक स्वच्छ वातावरण निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। इसी तरह वार्ड 07 में लोगों के लिए एक बेहतर रंगमंच निर्माण कर स्थानीय स्तर पर आयोजन, कार्यक्रम के लिए सुविधाजनक स्थान बनाया जा रहा है। साथ ही वार्ड 18 व 20 में आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तथा पारदर्शी तरीके से करने का निर्देश पालिका अध्यक्ष साहू ने ठेकेदार को दिए।



अध्यक्ष साहू ने कहा कि नगरवासियों के प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे पूरी ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाना उनकी प्राथमिकता है। अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, घटिया सामग्री या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पुल निर्माण के लिए जिपं सदस्य ने एसडीएम से की चर्चा

**मैनपुर।** पुल निर्माण की मांग को लेकर नेशनल हाईवे 15 घंटे चक्काजाम के दौरान जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने पुल निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर पंकज डहरे, एसडीएम हितेश्वर बाघे एवं अन्य अधिकारियों के सामने प्रमुखता से मांग रखी।

### अमन की मुंबई में उड़ान, वेब सीरीज 'रेंट वाला घर' से ओटीटी पर करेंगे धमाका

**गरियाबंद।** छोटे शहर से बड़े सपनों तक का सफर आसान नहीं होता, लेकिन गरियाबंद के युवा कलाकार अमन तिवारी उर्फ बाबी ने इसे सच कर दिखाया है। अब वह मुंबई की मायानगरी में अपनी नई वेब सीरीज़ रेंट वाला घर के जरिए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कदम रखने जा रहे हैं। इस खबर से जिलेभर में खुशी और गर्व का माहौल है। बाबी का सफर किसी शॉर्टकट का नतीजा नहीं, बल्कि सालों की मेहनत, संघर्ष और जुनून का परिणाम है। इससे पहले वे वेब सीरीज़ सरकारी अफसर में नजर आ चुके हैं और छत्तीसगढ़ के चर्चित प्रोडक्शन हाउस की फिल्म मोह और माया में अभिनेता और असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। इस फिल्म का थिएटर रिलीज होना उनके करियर के लिए बड़ा मोड़ साबित हुआ। अमन का एक्टिंग सफर बचपन से शुरू हुआ, लेकिन इसे प्रोफेशनल दिशा तब मिली जब उन्होंने एम.एस. यूनिवर्सिटी, बड़ोदा से तीन साल तक थिएटर की पढ़ाई की। इसके बाद दिल्ली, मुंबई, लखनऊ और नागपुर जैसे शहरों में लगातार थिएटर कर उन्होंने अपनी कला को और निखारा। वे प्रतिष्ठित भारत रंग महोत्सव में दो बार प्रस्तुति दे चुके हैं, जो किसी भी कलाकार के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। बाबी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हैं।

# यूनिवर्सिटी नरदहा ने पूरन लाल को दिया उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के व्याख्याता पूरन लाल साहू को उनके अनुकरणीय शिक्षण कार्य, पर्यावरण संरक्षण,अनुशासन तथा विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भावना के लिए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया।

यह सम्मान आंजनेय यूनिवर्सिटी नरदहा(रायपुर)के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्रदान किया गया है, जिसमें क्षेत्र के कई शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कुलपति अभिषेक अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ




टी.रामा राव, डायरेक्टर डॉ. नारंग, डी.जी. डॉ. जैन, रजिस्ट्रार डॉ. रुपाली एवं फिल्म मेकर भगवान तिवारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पूरन लाल साहू वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में 15 वर्षो से संस्कृत व्याख्याता के रूप में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन कर रहे हैं। सम्मान मिलने पर पूरन लाल साहू ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका ही नहीं बल्कि उनके विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का भी है, जिनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए यह सम्मान मिला है। उनको यह सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, डीएमसी शिवेश शुक्ला, जिला परियोजना अधिकारी बुद्धविलास सिंह, सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर, ए.पी.सी मनोज केला विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह बहल, अनिल ध्रुव, बीआरसी सुभाष शर्मा, संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, संकुल समन्वयक भुवन यदु सरपंच पदमा मोती निषाद, अध्यक्ष शाला प्रबंधएवं विकास विकास समिति गजेंद्र निषाद आदि ने बधाई दी।

## बरेकेल में मनाया गया अक्ती तिहार बच्चों ने कराया पुतरा-पुतरी का विवाह

**महासमुंद।** जिले के पटेवा क्षेत्र के ग्राम बरेकेल में अक्ती पर्व धूमधाम के साथ मनाई गई। ग्रामीणों ने जहां माता गुड़ी में अक्ती को पारंपरिक रूप से मनाते हुए गांव की खुशहाली की कामना किए। वहीं बच्चों ने मंडप सजाकर पुतरा-पुतरी का विवाह पूरे रीति-रिवाज के साथ कर सामाजिक -सांस्कृतिक कार्य को प्रदर्शित किए। वास्तविक विवाह की भांति इसमें भी दो मोहल्ले के बच्चे घराती और बाराती बनकर पूरे चुलमाटी, हल्दी-मायन, बारात की परंपरा निभाई। शीतला पारा के बच्चे बारात लेकर मंदिर पारा पुतरी ब्याहने गए। माता-पिता बने बच्चे समधी भेंट हुए और बाराती भोजन भी प्राप्त किए। टिकावन के बाद वापस आकर धर्मटीका भी किया गया। बच्चों के साथ गांव की महिलाएं काफी संख्या में विवाह में शामिल होकर टिकावन दिया।

## जिपं अध्यक्ष गौरीशंकर ने मड़ई मेला में देवी देवताओं की पूजा अर्चना की

# छग की सांस्कृतिक धरोहर है मड़ई

**मैनपुर।** आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत इंदागांव में बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया। भारी गर्मी और तेज धूप के बावजूद मड़ई मेला में गजब का उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के लगभग 15 गांव के झांकर पुजारी बैगा सिरहा देवी देवता का आगमन हुआ। भारी संख्या में श्रद्धालु मड़ई देखने आए हुए थे। रात्रि जागरण के बाद आज सुबह से देवी देवताओ का स्वागत किया गया और विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना किया गया। इस दौरान देवी देवताओं की ध्वज पताका और देवी नृत्य को देखने और आशीर्वाद लेने क्षेत्रभर से लोग उमड़ पड़े भारी गर्मी के बावजूद मड़ई लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दोपहर 1 बजे के आसपास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मड़ई मेला मे शामिल होने इंदागांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर पूरे क्षेत्र व जिले में सुख शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मड़ई मेला पहुंचे लोगों से जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुलाकात किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कश्यप ने कहा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर है। मड़ई मेला इस परंपरा को वर्षों से हम सभी निभाते आ रहे हैं क्षेत्रभर के लोग मड़ई मेला में एक जगह एकत्र होकर सामूहिक रूप से देवी देवताओ की पूजा अर्चना करते हैं, जिससे हमेशा क्षेत्र मे खुशहाली बनी रहती है। उन्होंने कहा हम अपने ग्रामीण संस्कृति परंपरा का आज भी निर्वहन कर रहे हैं। इससे समाज मे भाईचारा व संगठन को बनाने की जिम्मेदारी देखने को मिलता है। आने वाली पीढ़ी को भी इससे अपनी संस्कृति को बचाने की सीख मिलती है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा भी की। क्षेत्रभर से पहुंचे सरपंच वरिष्ठजनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को अनेक समस्याओं से अवगत कराया, जिन्हें शासन प्रशासन से अवगत कराकर समस्या समाधान करने की बात कही है।

### मेला में देवी देवताओं का आशीर्वाद लेने उमड़ी भीड़





**पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ देवी देवताओं की**

मड़ई मेला के दौरान क्षेत्रभर से पहुंचे सभी देवी देवताओ की पूजा अर्चना किया गया और देवी देवताओं को फुलमाला पहनाया गया तथा पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं मोहरी की धून मे आकर्शक देवी नृत्य तथा आशीर्वाद लेने लोग उमड़ पड़े। इस दौरान शोभायात्र सवारी निकाली गई जो पूरे मड़ई का परिक्रमा किया गया और विधिविधान के साथ देवी देवताओ का पान सुपारी भेंट किया गया।

### मड़ई मेला में लगे दुकानों में भारी खरीददारी

मड़ई मेला में अनेक प्रकार के दुकान लगाये गये थे। दूर –दूर से लोग मड़ई में पहुंच हुए थे, जहां जमकर खरीददारी हुई। परंपरा अनुसार मड़ई मेला का आयोजन किया गया। मड़ई मेला महोत्सव में जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, सरपंच गुरवारी ध्रुव, उपसरपंच कांति बस्तिया , केसरी ध्रुव, रूपसिंह बस्तिया, उत्तम बस्तिया, शोभाराम साहू, दामोदर नागेश, मानसिंह बस्तिया, जगदीश जगत, सोहन यादव, नरसिंग ध्रुव, दीपक निर्मलकर, सुन्दर झांकर, घनश्याम नागेश, खेलसिंह मरकाम, दीपक मंडावी, दिनेश नागेश, अरविंद नेताम, भानुप्रताप सिन्हा, केसरी ध्रुव, सुंदरलाल नायक, महेश नागेश, डीगर नागेश एवं क्षेत्रभर के वरिष्ठजन झाखर पुजारी शामिल हुए।

# गरियाबंद जिले का नया जिला महंत बने सुघरमल आड़े सतनाम शताब्दी समारोह में की गई नाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सतनामी समाज में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार उस समय देखने को मिला, जब समाज के सक्रिय कार्यकर्ता जिला महासचिव सुघरमल आड़े चैतरा को गरियाबंद जिले का नया जिला महंत नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति के बाद समाज में खुशी की लहर दौड़ गई और विभिन्न गांवों में जश्न का माहौल बन गया।

9 अप्रैल को दलहापौड़ी अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा में आयोजित सतनामी स्वाभिमान शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान यह महत्वपूर्ण घोषणा की गई। समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में अनुयायियों की उपस्थिति रही। समारोह की मुख्य अतिथि गुरु दीदी प्रियंका ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानव समाज को शांति, अहिंसा, करुणा, दया, क्षमा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज में फैली ऊंच-नीच, जात-पात और कुरीतियों के विरुद्ध सतनाम का संदेश देकर एक नई दिशा प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजमहंत जेपी कोसले ने कहा कि



यह नियुक्ति सतनाम पंथ की परंपराओं को मजबूत करने और समाज के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए जिला महंत के नेतृत्व में समाज के धार्मिक और सामाजिक कार्यों में तेजी आएगी।

नियुक्ति के बाद बेलर, चैतरा, सेंदर, जामगांव, राजिम, फिंगेश्वर, बिजली, सिर्रीखुर्द, चरौदा,पतोरा सहित कई गांवों में लोगों ने उत्सव मनाया और इसे समाज के लिए नई दिशा का संकेत बताया।

नवनियुक्त महंत सुघरमल आड़े ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के सुपुत्र गुरु अमरदास, गुरु बालकदास, गुरु अड़गड़िया दास एवं गुरु आगरदास जी ने समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और वे भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह नेतृत्व युवाओं को जोड़ने और समाज को संगठित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सतनामी समाज प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सांग, संरक्षक डॉ. आनंद मतावले (गुरुजी), रामविशाल ओगरे, गोपचंद बनर्जी, सभापति जिला पंचायत नंदनी कोमल डीडी, चतुर मंडल, लक्ष्मीदास सोनवानी, तहसील अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, समारू कोसले, कार्याध्यक्ष राकेश माण्डरे, दुजलाल बंजारे, मुन्ना कुर्रे, सहदेव बंजारे, पूर्व सभापति जिला पंचायत मधुबाला रात्रे, जनपद सदस्य रामेश्वरी, चन्दिका कुर्रे, जनपद सदस्य पूजा, मुकेश भारती आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मरारकसहीबाहरा में अष्टकुंड बगलामुखी यज्ञ अनुष्ठान आज से

**महासमुंद।** ग्राम मरारकसही बाहरा (बागबाहरा) में 23 एवं 24 अप्रैल 2026 को अष्टकुंड बगलामुखी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान सिद्ध मातंगी पीठ मंदिर समिति के तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम में सतगुरुदेव डॉ. आनंद गुरुजी के सान्निध्य में यज्ञ, पूजा-अर्चना एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार यह यज्ञ क्षेत्र की सुख-समृद्धि,शांति एवं जनकल्याण की भावना से किया जा रहा है।

# फार्मर आईडी अनिवार्यता पर सियासत तेज पूर्व मंत्री अमितेश ने किसान विरोधी बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

खाद वितरण के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य किए जाने के फैसलें पर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। पूर्व पंचायत मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमितेश शुक्ल ने राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए इसे किसानों के खिलाफ सुनियोजित कदम करार दिया है।



■ ठेका, रेगहा और बटाई करने वाले किसानों पर

शुक्ल ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार पहले एग्री स्टैक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया के चलते लाखों किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित रह गए थे, उसी तरह अब खाद वितरण में फार्मर आईडी की अनिवार्यता लागू कर किसानों को यूरिया, डीएपी, एनपीके और पोटाश जैसे आवश्यक उर्वरकों से दूर करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने इस निर्णय को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि इससे न केवल खाद की उपलब्धता प्रभावित होगी, बल्कि किसानों को मिलने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं और सब्सिडी पर भी असर पड़ सकता है।

उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य की सहकारी समितियों में कुल 40 लाख 89 हजार 908 किसान पंजीकृत शेयर धारक हैं, जबकि एग्री स्टैक परियोजना के तहत अब तक केवल 31 लाख 68 हजार 555 किसानों का ही सत्यापन हो सका है। इस प्रकार करीब 21 प्रतिशत किसान अब भी पंजीयन से बाहर हैं। शुक्ल के मुताबिक लगभग 9 लाख 21 हजार 353 किसान ऐसे हैं, जिन्हें इस व्यवस्था के चलते खाद मिलने में दिक्कत आ सकती है।

सब्सिडी के मुद्दे पर भी उन्होंने केंद्र सरकार को घेरा। शुक्ल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार 41,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त खाद सब्सिडी का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि फार्मर आईडी और ई-पीओएस मशीनों के जरिए खाद वितरण में राशनिंग जैसी स्थिति पैदा की जा रही है।

उन्होंने विशेष रूप से ठेका, रेगहा और बटाई पर खेती करने वाले किसानों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब खाद का वितरण जमीन के रिकॉर्ड के आधार पर होगा, तो भूमिहीन किसान या दूसरों की जमीन पर खेती करने वाले लोग इससे वंचित रह जाएंगे। क्या सरकार ने ऐसे किसानों को किसान मानना ही छोड़ दिया है ऐसा उन्होंने सवाल किया।

शुक्ल ने इसे भूमिहीन किसानों के साथ सीधा अन्याय बताते हुए कहा कि सरकार की नीतियां भेदभावपूर्ण हैं और इससे कृषि व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है।

# प्रदेश में महिलाओं के नाम पर जमीन रजिस्ट्री होगी अब आधी कीमत पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया है। कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि अब महिलाओं के नाम पर होने वाली जमीन और संपत्ति की रजिस्ट्री पर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।



सरकार के इस फैसले से महिलाओं को अधिक भार नहीं पड़ेगा और उन्हें संपत्ति में अधिक अधिकार मिलेगा। सरकार के इस निर्णय से हर साल लगभग 153 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। इससे महिलाओं की भागीदारी और बढ़ेगी। इसे एक सकारात्मक निवेश के रूप में देखा जा रहा है। यह वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी। जिससे महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलेगा। इस निर्णय से एक करोड़ रुपये की संपत्ति पर पहले पुरुषों को लगभग 10.6 लाख रुपये खर्च करने पड़ते है। जिसमें 6.6 लाख रुपये स्टांप ड्यूटी और 4 लाख रुपये पंजीयन शुल्क शामिल है। वहीं महिलाओं को पहले करीब 9.48 लाख खर्च करना पड़ता था। लेकिन अब पंजीयन शुल्क आधा होने से यह खर्च घटकर लगभग 7.48 लाख रुपये रह जाएगा। यानी महिलाओं को एक करोड़ की संपत्ति पर करीब 3.12 लाख रुपये तक की सीधी बचत होगी। इससे महिलाओं के लिए संपत्ति खरीदना सस्ता और आसान हो जाएगा। जिससे वे अधिक संख्या में अपने नाम पर संपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे आएंगी। इस फैसले का ग्राम कपसीडीह टेका के किसान हेमकुमार साहू ने इसे आमजनों और किसानों के लिए राहतकारी बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं की संपत्ति में बराबर की हिस्सेदारी सुनिश्चित होगी और उन्हें आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। अब प्रॉपर्टी खरीदना सस्ता हुआ है और महिलाओं को कानूनी अधिकार के साथ आर्थिक मजबूती भी मिलेगी।

**1.20 लाख से अधिक हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्णः महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है। महतारी वंदन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने जिले में 367 सीएससी सेंटरों को आईडी जारी किया गया है। विभिन्न चॉइस सेंटरों के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य जारी है।

# राहुल से मिले जनक, मुद्दों पर हुई चर्चा आदिवासी जिलाध्यक्ष संवाद कार्यक्रम में

■ प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव ने दिल्ली में समाज से जुड़े मुद्दों को उठाया

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधायक एवं आदिवासी कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष जनक ध्रुव ने नई दिल्ली में आयोजित आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संवाद कार्यक्रम में बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान जल, जंगल, जमीन एवं आदिवासी अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। आदिवासी कांग्रेस के




राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया भी उपस्थित थे। प्रदेशाध्यक्ष श्री ध्रुव अपने जिलाध्यक्षों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम में आदिवासी समाज से जुड़े अन्याय के मुद्दों को मजबूती से उठाया।

## छग कबड्डी प्रीमियर लीग का समापन गरियाबंद टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

# रॉयल विस्फोटक बिलासपुर की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम पथरिया में आयोजित छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से चयनित खिलाड़ियों की आठ टीमों ने भाग लिया, जिनमें उदंती टाइगर्स गरियाबंद, बजरंगी फाइटर बिलासपुर, गोंडवाना पैंथर पथरिया, रॉयल विस्फोटक बिलासपुर, देवरानी रॉयल बलौदा बाजार, हरिकेन पैशन मुंगेली, कवर्धा सुपर किंग और एआरडी सदा के सैनिक टीम शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रॉयल विस्फोटक बिलासपुर, द्वितीय हरिकेन पैशन



मुंगेली, तृतीय उदंती टाइगर्स गरियाबंद और चतुर्थ स्थान गोंडवाना पैंथर पथरिया रहा। इस प्रतियोगिता में पहली बार भाग लेते हुए उदंती टाइगर्स गरियाबंद ने शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान हासिल किया और 51 हजार की पुरस्कार राशि पर कब्जा जमाया। यह उपलब्धि गरियाबंद जिला के लिए गर्व का विषय है।

## सत्यनारायण कथा का आयोजन

# नगर में धूमधाम से मना भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**फिंगेश्वर।** नगर स्थित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज भवन में अक्षय तृतीया पर समाज द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और समाज के लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान भगवान परशुराम की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया, जहां पर समाज के लोगों ने पुष्प अर्पित कर व प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन विधि विधान के साथ किया गया।श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर अपने जीवन में सुख–समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम में महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में



छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश दीवान, शरद चतुर्वेदी, रामकृष्ण तिवारी,पुरुषोत्तम चतुर्वेदी, नवनीत चतुर्वेदी, भूपेंद्र दीवान, संतोष चतुर्वेदी, अनिल शर्मा,सुशील शर्मा, सनकादिक चौबे,जयेश शुक्ला,दीपक शुक्ला,सतीश शर्मा,महेंद्र तिवारी,रामस्वरूप तिवारी, कृष्णा तिवारी,दादू महराज,मनीष तिवारी,अमन शर्मा,वात्सल्य दीवान,सत्यम चतुर्वेदी,प्रसन्न चतुर्वेदी सहित समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बीजेपी का महिला आरक्षण बिल बहाना परिसीमन है निशाना

**छुरा।** महिला आरक्षण बिल को लेकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुल समद खान ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं को सम्मान देने में अव्वल रही है। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, प्रथम लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार, प्रथम महिला राज्यपाल सरोजनी नायडू, प्रथम महिला मुख्यमंत्री सुचिता कृपलानी जैसे अनेक उदाहरण है, जो इन सभी महिलाओं का सम्मान कांग्रेस पार्टी ने दी है। ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में 33% आरक्षण कांग्रेस पार्टी की ही देन है। अगर बीजेपी को जल्दबाजी है तो 2023 में महिला आरक्षण बिल पारित हो चुका है उसे लागू करें। इस सम्बन्ध में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पत्र लिखकर पहले ही मांग कर चुके हैं जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है।

बीजेपी का तो ये दरअसल महिला आरक्षण बिल बहाना है परिसीमन निशाना है। बीजेपी महिलाओं को भ्रमित न करें आजकल महिलाएं जागरूक हो चुकी है, किसी के भ्रम में नहीं आने वाली है।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण

**रसेला।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देशभर में चर्चा तेज हो गई है। भाजपा मंडल मलेवा अंचल के महामंत्री व जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कांग्रेस के रुख पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे महिलाओं के हितों के खिलाफ बताया है। नारायण सिन्हा ने कहा कि यह अधिनियम देश की माताओं, बहनों को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम है। ऐसे महत्वपूर्ण विधेयक पर कांग्रेस द्वारा लोकसभा में विरोध करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह दर्शाता है कि पार्टी महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर भी राजनीति करने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देती आई है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सोच का परिणाम है,जो आने वाले समय में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। सिन्हा ने यह भी कहा कि देश की जनता अब जागरूक है और वह समझतीं है कि कौन वास्तव में महिलाओं के हित में काम कर रहा है और कौन केवल राजनीतिक स्वार्थ साधने में लगा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अधिनियम देश में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा और महिलाओं को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### चांदी की चेन लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** चांदी की चेन लूटने के आरोप में दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया प्रार्थी राकेश सहिस (25 वर्ष), निवासी वार्ड नं. 1 सरायपाली ने थाना बसना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 20 अप्रैल को वह अपने भाई की स्कूटी सीजी 06 एचसी 4934 से भंवरपुर में एक शादी में शामिल होने के बाद गढ़पटनी जा रहा था। गढ़पटनी रोड पर शराब भट्टी के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने प्रार्थी से पैसों की मांग की और मना करने पर मारपीट कर उसे डराया-धमकाया। इसके बाद आरोपियों ने प्रार्थी की जेब से 500 रुपये नगद, गले में पहनी चांदी की चेन और एक काले रंग का रेडमी पावर बैंक लूट कर मौके से फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट प्राप्त होते ही थाना बसना में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध लूट का मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना बसना पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिरों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पतासाजी की और घटना के महज 2 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को ट्रेस कर लिया गया।

# अंचल का तापमान पहुंचा 41 डिग्री, दोपहर बाद सड़कें सूनी

## लू से बचने लोग दोपहर बाद घरो में कैद, सेहत पर पड़ा रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धुप का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुबह 8 बजते ही तेज धुप के चलते ऐसा लगता है कि दोपहर हो गया है। सुबह से रात तक सिर्फ गर्म हवा के थपेड़े चल रहे हैं। लोग अप्रैल माह में कराह उठे हैं। उपर से लगातार बिजली कटौती जानलेवा साबित हो रही है। लोगों के गले, शरीर में जगह जगह लाल लाल दाग धब्बे के साथ दाने दाने घमुर्री आने से लोग बेचैन हो गये हैं और बिजली कटौती के कारण कुलर, पंखा नहीं चल पा रहा है। रात में लोग चैन से सो नहीं पा रहे हैं तो दिन में भी लोगों को सुकुन नहीं मिल रहा है। पहली बार क्षेत्र के लोग इतना ज्यादा गर्मी पड़ने की बात कह रहे है। मैनपुर क्षेत्र में अप्रैल माह मे ही तापमान 41 डिग्री पहुंच चुका है। लोगों का तेज धुप लू के चलते हालत खराब हो गया गांव की गलिया हो या नगर के सडके हर तरफ सिर्फ लु की चपेट चल रही है। सुबह से गर्म हवा देर शाम तक चलती रही, भीषण गर्मी ने लोगो का हाल बेहाल कर दिया है। सूर्य की तपती किरणे झुलसा रही है तापमान का पारा निरंतर बढ़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से शाम होते ही मौसम का मिजाज बदल रहा है। हल्की बूंदाबांदी के बाद सुबह तेज धूप उमस से लोग बेचैन हो रहे हैं। उमस और भारी गर्मी से लोगो का जीना बेहाल हो गया है, जबकि आने वाले दो माह मई और जून तेज गर्मी भरा रहेगा।





### लू की चपेट में आ रहे लोग

भीषण गर्मी का असर सेहत पर पड़ रहा है। गांव गांव लोग लू के चपेट मे आ रहे हैं। गर्मी के कारण बुखार उल्टी दस्त जैसे बिमारी गांव में पांव पसारना शुरू कर दिया है। अस्पतालों में लोगों की भीड़ लगी हुई है। दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा छा जाता है।

## पक्षी घर स्थापना कार्यक्रम के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# छात्रों ने समझा पृथ्वी दिवस का महत्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पृथ्वी दिवस के अवसर पर श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय परिसर में पक्षी घर स्थापना एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य मधुरानी शुक्ला थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वनस्पति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री पुष्पलता कंवर द्वारा स्वागत एवं परिचय के साथ हुआ, जिसके पश्चात प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बढ़ते शहरीकरण के कारण पक्षियों के प्राकृतिक आवास कम होते जा रहे हैं, ऐसे में पक्षी घरों की स्थापना एक सराहनीय पहल है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर पक्षी घर स्थापित किए गए तथा पक्षियों के लिए जल पात्र एवं दाना भी रखा गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पक्षी संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनएसएस एवं इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने मिलकर परिसर को अधिक हरित एवं पक्षी-अनुकूल बनाने का संकल्प लिया।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मना 'पृथ्वी दिवस'

### छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुडा में बुधवार को 'पृथ्वी दिवस' पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पृथ्वी के महत्व, पर्यावरण संतुलन और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा 10वीं 'बी' की छात्रा साक्षी ने प्रभावी ढंग से अपनी बात रखते हुए कहा, पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन का अस्तित्व है। हमें मिलने वाले सभी प्राकृतिक संसाधन इसी की देन हैं। अतः यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम इसे प्रदूषित होने से बचाएं और इसके संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान दें। विद्यालय के सीसीए प्रभारी प्रशांत दुबे ने इस वर्ष की निर्धारित थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए वसुधैव कुटुंबकम के प्राचीन भारतीय दर्शन को समझाया और बताया कि कैसे पूरी दुनिया एक परिवार की तरह पृथ्वी की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। भूगोल शिक्षिका चंद्रलेखा ने पारिस्थितिक तंत्र के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं को साझा किया। उन्होंने कहाः हम सभी इस विशाल पारिस्थितिक तंत्र का एक अटूट हिस्सा हैं। जीवन के अस्तित्व और प्राकृतिक संतुलन के लिए पर्यावरण की रक्षा अनिवार्य है। हमें संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को रोककर उनके सदुपयोग और निरंतर संरक्षण के प्रयास करने होंगे। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मयंक यादव ने इस अवसर पर छात्रों को पृथ्वी संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया एवं उन्होंने कहा कि हमें संसाधनों को अपनी जरूरत अनुसार उपयोग करना चाहिए एवं संसाधनों के अंधाधुंध दोहन एवं दुरुपयोग से बचना चाहिए। इस अवसर पर छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रखा गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से पृथ्वी की सुंदरता और उसे बचाने की अपील को कैनवस पर उकेरा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कालेज में पृथ्वी दिवस पर वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता

**फिंगेश्वर।** नगर के फणीकेश्वरनाथ कालेज में पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण करने पर बल देते हुए जागरूकता लाने की अपील की। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने और 2030 तक वैश्विक स्वच्छ बिजली उत्पादन को तीन गुना करने की साझा जिम्मेदारी पर केंद्रित, हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर आज पृथ्वी दिवस पर इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब तथा भूगोल विभाग, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का किया गया। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास



बंजारे ने बताया कि आज का दिन ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करता है और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ धरती सुनिश्चित करने की याद दिलाता है। हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने के लिए प्रत्येक नागरिक को सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर देने की आवश्यकता है। छात्र छात्राओं के मध्य वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं युवा आवाजों को भी सबके सामने रखा गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन सिंह सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं स्टाफ उपस्थित रहे। यह जानकारी दलनायक एवं मिडिया प्रभारी कृति सिन्हा एवं हेमशरण नेताम ने दी।

# पीएम श्री स्कूल में छात्रों का स्वागत और प्रवेश पर्व मना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सोमवार को पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका में नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत एवं प्रवेश पर्व मनाया गया। नवागंतुक विद्यार्थियों (छठवीं कक्षा) का प्रवेश पर्व तिलक चंदन लगाकर और मिठाई प्रदान करके शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य महिमा सिन्हा ने विस्तार से विद्यालय के शैक्षणिक एवं आवासीय परिवेश, मेस व्यवस्था, खानपान सुविधाओं, पालकों के नियम, टेलीफोन सुविधा के साथ अनुशासन आदि की जानकारी दी। डीके सिंह ने विद्यार्थियों को एक अच्छा नागरिक बनकर और समाज का सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को किताब, स्टेशनरी सामग्री, बेडिंग सामग्री का वितरण करके विद्यार्थियों को सदन प्रभारी से परिचय करवा कर सदनों में प्रवेश दिया। शाला प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाएं यू.के. राठिया, रविशंकर आर्मो, ए. ममता, आर.एन.सोन, अनिल राणा, मनीष मानिकपुरी, सुश्री संजू साहू, सुश्री रीतिका सिंह, सुश्री पल्लवी किन्डों, आनंद सिंह, प्रफुल्ल सोनी, डॉ. ठाकुर राम साहू, लेखराम, अनिता दास, राजेन्द्र पाठक, अमर सिंह ठाकुर, लोकेश कुमार, गिरीश साहू एवं राजेन्द्र कंडरा उपस्थित थे।

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने हस्ताक्षर अभियान जारी

**नवापारा-राजिम।** क्षेत्र के समस्त गौ सेवियों द्वारा संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान ने इस समय एक वृहद रूप ले लिया है। इस अभियान के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष न सिर्फ गौमाता को संवैधानिक सम्मान देने, बल्कि गोबर और गोमूत्र पर आधारित गौ अर्थव्यवस्था को लागू करने का एक व्यापक खाका पेश किया गया है। अभियान की मुख्य मांग गौमाता को राष्ट्र माता, राष्ट्र आराध्या अथवा राष्ट्र धरोहर घोषित करना है। साथ ही, पूरे भारत देश में गौ सेवा हेतु एक समान केंद्रीय कानून और गो-सेवा मंत्रालय के गठन पर जोर दिया गया है, ताकि देश में कहीं भी गौहत्या न हो सके। अभियान के अंतर्गत सरकार से अनेक महत्वपूर्ण आर्थिक और कृषि संबंधी आग्रह किए गए हैं। कृषि विश्वविद्यालयों में गोबर और गोमूत्र पर शोध हेतु अनुसंधान केंद्र बनें। सरकारी भवनों में गोबर पेंट और अस्पतालों में फिनायल की जगह गो-नाइल का उपयोग अनिवार्य हो।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में 19 अप्रैल को करीब 12 बजे रसेला की ओर आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइक सवार को टक्कर मारकर चालक फरार हो गया, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मालूम हो कि ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम कनफाड के निवासी धनीराम पिता बीरसिग भुजिया 35 वर्ष और यादराम पिता तिलकराम भुजिया 32 वर्ष जो कि ग्राम रसेला में उस दिन मितानिनों की बैठक थी और धनीराम भुजिया पत्नी और अपने भाई के साथ बाइक पर रसेला आया। तत्पश्चात धनीराम और यादराम मितानिनों की बैठक चल रही थी, तभी धनीराम की ससुराल बेलडीही जो रसेला का पारा है वहां ये लोग जा रहें थे तभी बीच रास्ते पर तेज रफ्तार से पिकअप वाहन ने इन दोनों को टक्कर मारकर चालक फरार हो गया। इस बीच आने जाने वाले लोग की वहां भीड़ लग गई। लोगों की सहायता से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इसकी सूचना तत्काल पुलिस



थाना को दुर्घटना की जानकारी दी गई। पुलिस विभाग वाले घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल रसेला अस्पताल पहुंचे और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर वाहन की पहचान का प्रयास किया गया। रसेला में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में गाड़ी नंबर पीछे साईट नंबर प्लेट नहीं लग पाने से पहचान करने में दिक्कत आ रही है। वहीं गंभीर रूप से घायल हुए दोनों युवक की स्थिति को देखते हुए उन्हें निजी आयुष्मान हास्पिटल नवापारा राजिम में इलाज जारी है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायतों में विविध कार्यक्रम

**फिंगेश्वर।** लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने तथा स्थानीय स्वशासन की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस वर्ष भी 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन भारत में पंचायती राज व्यवस्था की संवैधानिक शुरूआत का प्रतीक है। जब वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया था। विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत फिंगेश्वर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज्योति बाला ढालेन ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निदेर्शानुसार फिंगेश्वर विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। इस ग्रामसभा में ग्राम के समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, सम्मानित ग्रामीणों तथा आम नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि पंचायत स्तर पर सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा मिल सके।

# सिर्रीकला समिति का नाम पोलकर्रा करने की मांग, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम पोलकर्रा के ग्रामवासियों द्वारा अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे जिला गरियाबंद को एक आवेदन प्रस्तुत कर कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित,सिर्रीकला का नाम बदलकर कृषक सेवा सहकारी समिति मर्यादित, पोलकर्रा करने की मांग की है। ग्रामवासियों के प्रतिनिधि मंडल में शामिल मोहन लाल साहू, डॉ. सेवाराम ध्रुव, कुलेश्वर साहू, रोमश साहू, पवन साहू, डॉ. बिंदुलाल साहू, योगेंद्र साहू, बिंदुलाल यादव ने बताया कि धान खरीदी केंद्र की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि ग्राम पोलकर्रा के किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराई गई थी तथा समिति भवन एवं



धान खरीदी केंद्र भी ग्राम पोलकर्रा में ही स्थित है और पिछले तीन सालों से पोलकर्रा उपार्जन केन्द्र के नाम से ही धान खरीदी हो रही थी।

इसके बावजूद समिति का नाम सिर्रीकला के नाम से दर्ज किया जाना त्रुटिपूर्ण एवं ग्रामवासियों के साथ अन्यायपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में इस समिति का वर्चुअल उद्घाटन 15 अप्रैल को किया गया, जिसमें लगाए गए बैनर एवं दस्तावेजों में समिति का नाम सिर्रीकला दर्शाया गया। इस पर ग्रामवासियों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए स्पष्ट किया कि जब समिति की सम्पूर्ण गतिविधियां एवं अधो संरचना ग्राम पोलकर्रा में स्थित है,तो उसका नाम भी पोलकर्रा के नाम पर ही होना चाहिए।

## कलेक्टर बीएस उइके और सीईओ चंद्राकर के नेतृत्व में भू–जल संरक्षण की दिशा में किया जा रहा कार्य

# मोर गांव मोर पानी अभियान में सोखता गड्ढा निर्माण कार्य में आई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कलेक्टर बीएस उईके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर के नेतृत्व में जिले में जल संरक्षण को जन–आंदोलन बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे मैनपुर विकासखण्ड के इस पहल से प्रेरणा लेकर जल संरक्षण के उपाय अपनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित करें। जिले में लगातार गिरता भू–जल स्तर अब गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। अनियमित वर्षा, बढ़ते जल दोहन और वर्षा जल के अपर्याप्त संचयन के कारण कई क्षेत्रें में जल स्तर में कमी आ रही है। जिससे भविष्य में पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है। जनपद पंचायत मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की दिशा में "मोर गांव मोर पानी" अभियान के तहत सोखता गड्ढा निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिससे वर्षा के जल को जमीन में समाहित कर भू–जल स्तर को पुनर्भरित करने का प्रयास किया जाएगा। इनमें ग्राम पंचायत बजाड़ी, मुचबहाल, कोयबा, इंदागांव, हरदीभाटा, गोपालपुर, गुढ़ियारी, धनोरा, अमलीपदर, गोलमाल एवं कोकराझार में स्व–सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। इस कार्य में महिला समूहों, पशु सखियां, कृषि सखी, सीआरपी, पीआरपी एवं अन्य मैदानी कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि जिले के अन्य क्षेत्रें में भी इस तरह के कार्य किए जाएं, तो गिरते जल स्तर को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। सोखता गड्ढे वर्षा जल को सीधे जमीन में पहुंचाकर जल संचयन का प्रभावी माध्यम होगा।







online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411